**भारत सरकार**
**योजना मंत्रालय**

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 566**
**दिनांक 27 नवम्बर, 2014 को उत्तर देने के लिए**

**यू.आई.डी.ए.आई. द्वारा नामांकन पूरा किया जाना**

**566. श्री रंजिब बिस्वाल:**

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों का ब्यौरा क्या है जहाँ भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यू.आई.डी.ए.आई.) ने लोगों के नामांकन का कार्य पूरा कर लिया है और अब तक कितने लोगों के नाम दर्ज किए गए है;

(ख) क्या यू.आई.डी.ए.आई. उन कुछ राज्यों में लोगों के नाम दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू करने का विचार रखती है, जहां यह कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक शुरू किए जाने की संभावना है;

(घ) इस प्रयोजनार्थ कितनी राशि व्यय किए जाने का अनुमान है; और

(ङ) ऐसे सभी राज्यों जिन्हें अभी तक यू.आई.डी.ए.आई. के अंतर्गत शामिल नहीं किया गया है, के लोगों को कब तक आधार कार्ड जारी किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) - योजना मंत्रालय**
**तथा रक्षा राज्य मंत्री**
**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क) 15 नवम्बर, 2014 तक देश में कुल 70.43 करोड़ आधार सृजित किए गये हैं। नौ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 90% से अधिक; सात राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 75 और 90% के बीच और अन्य आठ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 50 और 75% के बीच आधार नामांकन का काम हो गया है। शेष बारह राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में आधार नामांकन का काम 50% से कम है।

(ख) और (ग) सरकार ने आधार नामांकन के लिए यूआईडीएआई, को चौबीस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) प्रक्रिया के अंतर्गत नामांकन के लिए भारत के महापंजीयक (आरजीआई) को शेष बारह राज्य आबंटित किये हैं। विवरण अनुलग्नक में दिया गया है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के आबंटन में परिवर्तन के लिए फिलहाल सरकार के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(घ) 2009-2010 से 2016-17 तक की अवधि के लिए आधार परियोजना हेतु 13663.22 करोड़ रूपये का कुल परिव्यय मंजूर किया गया है।

(ङ) यूआईडीएआई को आबंटित नहीं किये गये राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में आधार नामांकन एनपीआर प्रक्रिया के अंतर्गत भारत के महापंजीयक द्वारा किये जा रहे हैं। हालांकि देश में सार्वभौमिक नामांकन के लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जा रही है, यह उल्लेखनीय है कि आधार नामांकन स्वैच्छिक आधार पर किया जा रहा है, और यह एक सतत प्रक्रिया है।

**अनुलग्नक**

## आधार नामांकनों के लिए यूआईडीएआई को आबंटित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

| क्रम. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र |
|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश |
| 2. | चंड़ीगढ़ |
| 3. | दमन और दीव |
| 4. | गोवा |
| 5. | गुजरात |
| 6. | हरियाणा |
| 7. | हिमाचल प्रदेश |
| 8. | झारखण्ड |
| 9. | कर्नाटक |
| 10. | केरल |
| 11. | मध्य प्रदेश |
| 12. | महाराष्ट्र |
| 13. | राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र |
| 14. | पुदुचेरी |
| 15. | पंजाब |
| 16. | राजस्थान |
| 17. | सिक्किम |
| 18. | त्रिपुरा |
| 19. | बिहार |
| 20. | उत्तर प्रदेश |
| 21. | छत्तीसगढ़ |
| 22. | उत्तराखण्ड |

## आधार नामांकनों के लिए आरजीआई को आबंटित किये गये राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

| क्रम. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम |
|---|---|
| 1. | असम |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश |
| 3. | दादरा और नगर हवेली |
| 4. | जम्मू और कश्मीर |
| 5. | लक्षद्वीप |
| 6. | मणिपुर |
| 7. | मेघालय |
| 8. | मिजोरम |
| 9. | नागालैंड |
| 10. | ओडिशा |
| 11. | तमिलनाडु |
| 12. | पश्चिम बंगाल |

******